हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से ग्राम पंचायत शिवनाथ में "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र आयोजित किया गया । कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डॉ श्वेता शर्मा ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया और सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा भविष्य में उन्नत भारत अभियान के तहत अंगीकृत गांव में होने वाले कार्यों को लेकर योजना बनाई गई। इस सत्र में ग्राम प्रधान शिवनाथ रंजना नरोत्रा, तहसील कल्याण अधिकारी आदर्श शर्मा, समुदाय के सदस्य और समाज कार्य विभाग के शोधार्थी रणवीर और विवेक दत्ता उपस्थित रहे।